# अध्याय 2

# भालू ने खेली फुटबाल

## पाठ आधारित प्रश्न

1. प्रश्नों के सही विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए।

(i) भालू किस समय सैर के लिए निकला था?

(क) रात के समय ☐ (ख) शाम के समय ☐

(ग) सुबह के समय ☐ (घ) दोपहर के समय ☐

(ii) जामुन के पेड़ के नीचे कौन सोया हुआ था?

(क) बिल्ली का बच्चा ☐ (ख) शेर का बच्चा ☐

(ग) भालू का बच्चा ☐ (घ) चूहे का बच्चा ☐

(iii) भालू ने शेर के बच्चे को कुल कितनी बार उछाला?

(क) 2 बार ☐ (ख) 3 बार ☐

(ग) 10 बार ☐ (घ) 12 बार ☐

(iv) गुस्से में माली ने शेर के बच्चे से क्या माँगा?

(क) जामुन ☐ (ख) हर्जाना ☐

(ग) 'क' और 'ख' दोनों ☐ (घ) इनमें से कोई नहीं ☐

2. नीचे दिए गए कथनों में सत्य कथन के लिए (✓) तथा गलत कथन के लिए (×) का चिह्न लगाइए।

(i) भालू ने शेर के बच्चे को देखते ही पहचान लिया था। ☐

(ii) माली शेर के बच्चे को प्यार करने लगा। ☐

(iii) माली के जाते ही शेर का बच्चा भी भाग गया। ☐

(iv) शेर के बच्चे ने भालू को फुटबॉल समझ लिया। ☐

(v) भालू आम के पेड़ के नीचे खड़ा था। ☐

(vi) भालू गर्मियों के मौसम में घूमने निकला। ☐

(vii) भालू ने शेर के बच्चे को एक बार उछाला। ☐

(viii) शेर का बच्चा धड़ाम से ज़मीन पर आ गिरा। ☐

3. दिए गए शब्दों की सहायता से खाली स्थान भरिए।

हड़बड़ा कर, ज़मीन, माली, गर्मी, सैर, थक, बरस, उछलने

(i) .......................................... पर निकलने के बाद भालू पछता रहा था।

(ii) भालू फुटबॉल खेलकर .......................................... प्राप्त करना चाहते थे।

(iii) शेर के बच्चे को बार–बार उछालने के कारण भालू जी .......................................... गए थे।

(iv) आखिरी बार उछालने के बाद शेर का बच्चा .......................................... पर आ गिरा।

(v) शेर का बच्चा .......................................... से डरकर भाग गया।

(vi) शेर के बच्चे ने .......................................... एक डाल पकड़ ली।

(vii) शेर के बच्चे को .......................................... में मज़ा आ रहा था।

(viii) माली वहाँ आया और शेर के बच्चे पर .......................................... पड़ा।

4. पाठ के आधार पर बताइए कि कौन कैसा था?

शरारती, समझदार, क्रोधी

(i) भालू ..................................................

(ii) शेर का बच्चा ..................................................

(iii) माली ..................................................

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) सर्दी से बचने के लिए शेर का बच्चा कहाँ तथा कैसे सोया हुआ था?

_______________________________________________

(ii) भालू ने शेर के बच्चे को क्या समझकर उछाल दिया?

-----------------------------------------------------------

(iii) ऊपर से गिरते हुए शेर के बच्चे को किसने लपक लिया?

-----------------------------------------------------------

(iv) शेर के बच्चे को क्या करने में मज़ा आ रहा था?

-----------------------------------------------------------

(v) शेर के बच्चे पर माली क्यों बरसा था?

-----------------------------------------------------------

(vi) शेर के बच्चे ने पेड़ की डाल क्यों पकड़ी?

-----------------------------------------------------------

(vii) शेर का बच्चा क्यों दहाड़ा?

-----------------------------------------------------------

(viii) भालू साहब किस बात पर पछताए?

-----------------------------------------------------------

(xi) भालू ने क्यों कहा–'ओह! किस आफत में फँसा?'

-----------------------------------------------------------

6. नीचे दी गई पंक्तियों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर का चयन कीजिए।

आँखें फैलाई, अक्ल दौड़ाई–अहा फुटबॉल। सोचा, चलो इससे खेलकर कुछ गर्मी हासिल की जाए। आव देखा न ताव। भालू जी ने पैर से उछाल दिया शेर के बच्चे को। हड़बड़ी में शेर का बच्चा दहाड़ा और फिर पेड़ की एक डाल पकड़ ली।

(i) भालू ने फुटबॉल देखकर क्या करने की सोची?

(क) खेलने की ☐ (ख) भागने की ☐

(ग) चोरी करने की ☐ (घ) सोने की ☐

(ii) 'पेड़' का समानार्थी शब्द है–

(क) वृक्ष ☐ (ख) तना ☐

(ग) जड़ ☐ (घ) टहनी ☐

## भाषा आधारित प्रश्न

1. नीचे दिए गए शब्दों को उनके अर्थ से मिलाइए।

| शब्द | | अर्थ | |
|---|---|---|---|
| (i) | वक्त | (क) | पाना |
| (ii) | कोहरा | (ख) | जल्दी में |
| (iii) | हड़बड़ी | (ग) | समय |
| (iv) | हर्जाना | (घ) | धुंध |
| (v) | लपकना | (ङ) | दु:खी होना |
| (vi) | पछताना | (च) | पकड़ना |
| (vii) | हासिल | (छ) | दंड |

2. नीचे दिए गए शब्दों के सही विलोम (उल्टे) शब्द विकल्प में से चुनकर लिखिए।

गए, पिछले, उधर, छोड़ना

(i) नीचे – ऊपर (ii) इधर ..............................

(iii) आए .............................. (iv) अगले ..............................

(v) पकड़ना ..............................

3. नीचे दिए गए शब्दों में अनुस्वार और अनुनासिक का प्रयोग सही तरह से कीजिए।

जैसे– अनुस्वार – जंग, तंग, रंग;

अनुनासिक – माँ, मुँह, पूँछ

(i) परतु .................................................. (परंतु / परँतु)

(ii) शेर का बच्चा .................................................. (फंसा / फँसा)

(iii) माली .................................................. (आंखे / आँखें)

(iv) वहा .................................................. (वहाँ / वहां)

(v) मूछ .................................................. (मूँछ / मूंछ)

(vi) डाटना .................................................. (डाँटना / डांटना)

4. समान तुक वाले शब्दों का जोड़ा बनाओ–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पूँछ | हड़बड़ | कुत्ता | बोला | डाँटना | तुम्हारा |
| गड़बड़ | डोला | बाँटना | मूँछ | हमारा | पत्ता |

---------------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------------

## रचनात्मक लेखन

1. खेल–खेल में–

(i) फुटबॉल को फुटबॉल क्यों कहते होंगे?

---------------------------------------------------------------

(ii) ऐसे खेलों के नाम बताओ जिनमें बॉल (गेंद) का इस्तेमाल करते हैं।

---------------------------------------------------------------

egyanarchive